Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 01-03-2007

Participants : Yadav Dr. Karan Singh

Title: Regarding setting up of an IIT in Alwar, Rajasthan.

डॉ. करण सिंह यादव : सभापति महोदय, राजस्थान के सिंहद्वार अलवर, जहां का मैं प्रतिनिधित्व करता हूं में केन्द्र सरकार द्वारा की जाने वाली आईआईटी की स्थापना की पूर्ण पात्रता रखता है। लेकिन राजनैतिक भेदभाव के कारण पूर्वी राजस्थान के सबसे बड़े जिले अलवर में आजादी के 60 र्वा बाद भी सरकारी क्षेत्र में न कोई मेडीकल कॉलेज है, न ही इन्जिनियरिंग कॉलेज है। कृाि व पशु पालन व डेयरी क्षेत्र में राजस्थान के इस अग्रणी जिले में एग्रीकल्चर कॉलेज, वैटरनरी कॉलेज अथवा डेयरी कॉलेज भी नहीं है। अलवर को अभी तक विश्वविद्यालयी शिक्षा का भी सौभाग्य प्राप्त नहीं हुआ है। प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रस्तावित आईआईटी को किसी ऐसे क्षेत्र में ले जाना चाहती है, जहां से बीजेपी के सांसद जीते हों। अलवर राज्य में आईआईटी के लिए काफी भूमि उपलब्ध है। भिवाड़ी, नीमराणा, बहरोड़ तथा एमआईए अलवर में काफी औद्योगिक इकाईयां हैं, एयर स्ट्रैच भी उपलब्ध है तथा पालम व इन्दिरा गांधी इन्टरनेशनल एयरपोर्ट से अलवर जिला मात्र एक घण्टे की दूरी पर है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मानव संसाधन मंत्री से अपनी ओर से और अलवर की जनता की ओर से प्राथना करना चाहूंगा कि राट्रीय राजधानी परिक्षेत्र के इस जिले में आईआईटी की स्थापना की जाए।